रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3054 के "संप्रवाह, 2020-21" के उद्घाटन समारोह में वक्तव्य

- रोटरी इंटरनेशनल क्लब के इस वार्षिक कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आपकी संस्था 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी है और अपनी स्थापना के समय से ही विश्व मे शांति और सौहार्द के प्रचार प्रसार का कार्य कर रही है।

- अभी अभी कुछ ही दिन पहले हमने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। योग हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता की देन है। यह कोरोना काल मे हमारी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी भी है। मैं आप सबको योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। साथियो, समाज मे शांति तथा सौहार्द स्थापित करने मे लोकतंत्र तथा लोकतान्त्रिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

- हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। वर्ष 1947 मे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लगभग 75 वर्षों की हमारी लोकतान्त्रिक यात्रा में हमारा लोकतंत्र सशक्त हुआ है। आज हमारे देश में पंचायत तथा नगरपालिका स्तर पर भी लोकतान्त्रिक संस्थाएं प्रभावी तरीके से कार्य कर रही हैं। यह हमारे संविधान निर्माता मनीषियों की दूरदर्शिता तथा विज़न से ही संभव हो पाया है।

- हमारा दायित्व है कि हम अपने देश मे लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य करें ताकि समाज का आखिरी व्यक्ति भी स्वयं को इस देश की विकास यात्रा मे भागीदार समझे। इसमें गैर सरकारी संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

- अभी कुछ ही दिन पहले लोक सभा अध्यक्ष के रूप मे मैंने दो वर्ष पूर्ण किए हैं। इन वर्षों में मैंने प्रयास किया है कि आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी के प्रयोग से सदन और माननीय सदस्य दोनों को देश की जनता के साथ और घनिष्ठता से जोड़ा जाए। माननीय सांसद सदन मे जो कार्य करते हैं, जो विषय उठाते हैं, उनका संबंध जनकल्याण से होता है। इसलिए इनके विषय में उनके मतदाताओं को त्वरित जानकारी मिलनी चाहिए।

- आप सब जानते हैं कि वैश्विक महामारी कोरोना ने किस प्रकार हमारे देश की जनता को प्रभावित किया है। कोरोना कि दूसरी लहर बहुत संकटपूर्ण थी। इसमें हम सबने अपने प्रियजनों को खोया है। आज कोरोना की लहर कमजोर पड़ी है, परंतु हमें याद रखना चाहिए कि कोरोना हमारे बीच अभी भी है।

- हमें अभी भी पूरी सतर्कता के साथ रहना है। इस महामारी की पहली लहर का हमने सामूहिकता से सामना किया था। देश में निजी और सरकारी दोनों के संयुक्त प्रयासों से हमने अपनी और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, फेस मास्क, दवाएं, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, ऑक्सीमीटर, इत्यादि का पर्याप्त मात्रा में निर्माण किया था।

- इसी सामूहिकता और एकता की भावना से हमें कोरोना का आगे भी सामना करना है। आज कोरोना से लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम टीकाकरण है। सतर्कता के साथ सभी eligible नागरिकों के टीकाकरण से ही हम इस महामारी का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं।

- इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन अर्थात 21 जून, 2021 से देशव्यापी नि:शुल्क राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत की है।

- सभी वयस्क नागरिकों को टीका लगाने से कोरोना महामारी पर नियंत्रण पाने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी और हम अपने समस्त नागरिकों को सुरक्षा कवच प्रदान कर पाएंगे।

- **सरकार के टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में में सरकारी के साथ गैर सरकारी समाजसेवी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। टीकाकरण के बारे में कई निर्मूल भ्रांतियाँ भी फैलाई जा रही हैं। इन भ्रांतियों के निर्मूलन तथा कोरोना के बारे मे जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है।**

- **इसके लिए रोटरी जैसी गैर सरकारी समाजसेवी संस्थाओं को सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। आप जनता तक आसानी से टीकाकरण के लाभ का संदेश पहुंचा सकते हैं। जनजागरुकता के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल प्रभावी हो सकता है।**

- **COVID-19 जैसी किसी भी महामारी में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ये संगठन स्थानीय स्तर पर जनता के बीच कार्य करते हैं तथा जनता से सीधे जुड़े होते हैं। ये सरकारी मशीनरी और स्थानीय जनता के बीच एक सेतु के रूप में काम करते हैं।**

- **राष्ट्र-निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता होती है। समाज सेवी संगठन किसी भी प्राकृतिक विपदा की स्थिति में अथवा शिक्षा या पर्यावरण संरक्षण जैसे रचनात्मक कार्यों मे सरकार के साथ मिलकर प्रभावी कार्य कर सकते हैं।**

- अपने वार्षिक कार्यक्रम में आपने भिन्न भिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं को आमंत्रित किया है। साथ ही मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए हैं। आपके कार्यक्रम   तथा आपके सभी भावी प्रकल्पों के लिये मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। आप सबके उत्तम स्वास्थ्य तथा समृद्धि की भी कामना करता हूँ। जय हिंद।